दिनांकः 03.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। 16वीं विधानसभा के दूसरे सत्र की शुरूआत आज सुबह 11 बजे हुई। इसके साथ ही हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्यपाल के अभिभाषण की मांग की। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि व्यवस्था के अनुसार विधानसभा के पहले और हर वर्ष के पहले सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह इस साल का दूसरा सत्र है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने बागीदौरा से नव निर्वाचित विधायक जय कृष्ण को शपथ दिलाई। सदन में राज्यपाल की ओर से स्वीकृत किये गए विधेयकों का विवरण रखा गया। मुख्य सचेतक ने कार्य सलाहकार समिति के प्रतिवेदन को सदन में रखा। श्री देवनानी ने ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने को प्रदेश के लिए गौरव का पल बताया। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस का संकल्प दिलाया। इसके बाद बारह विभूतियों के निधन पर शोकाभिव्यक्ति और श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान को किसी भी सरकार की नीति निर्धारण का मार्ग दर्शन बताया है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लिए बहुत मूल्यवान है। श्री मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने के लिए कई प्रयास किये हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री मोदी ने उनकी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

आज अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस है। प्लास्टिक मानव जीवन और प्रकृति के लिए नुकसानदायक है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से प्लास्टिक के बैग का उपयोग नहीं करने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ और शुद्ध पर्यावरण के लिए कागज और कपड़े के थैलों को उपयोग करने की अपील की है।

जयपुर हैरिटेज नगर निगम आम लोगों को निःशुल्क छायादार और फलदार पौधे बांटेगा। इसके लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। निगम ने छह लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसकी शुरूआत आम लोगों को एक लाख पौधे वितरित कर की जाएगी। उधर, जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से रिड्यूस, रीयूज़, री–साइकिल–आरआरआर सेंटर पर आज से आमजन सामान जमा करवा सकेंगे। आरआरआर सेंटर के जरिये जरूरतमंदों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं जमा करवाई जा सकेंगी। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त रुक्मणी रियार तथा नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी इस ड्राइव में हिस्सा लेंगे। आमजन भी आरआरआर केन्द्र पर अपने घर का अनुपयोगी सामान जरूरतमंदों के लिए दे सकते हैं।

जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ पवित्र गुफा की 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा सुचारू रूप से जारी है। इसका 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर समापन होगा। प्रशासन की ओर से यात्रा के लिए व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं।

राज्य में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई। इसके अलावा कहीं–कहीं भारी से अतिभारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 132 मिलीमीटर डूंगरपुर के धम्बोला में हुई। इसके अलावा भरतपुर, पीपलखूंट, प्रतापगढ़, मेहवा, दौसा, गलियाकोट और माउंट

आबू में भी बरसात हुई। श्रीगंगानगर, चूरू, जालौर और धौलपुर में बूंदाबांदी हुई। राज्य में कई स्थानों पर आज भी बारिश के आसार हैं।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल–एनएसपी ने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए **राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति** –एनएमएमएसएस के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस पोर्टल की शुरूआत एक बार के पंजीकरण और नए तथा नवीनीकरण छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए की गई है। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 31 अगस्त है।